14.	Sh.Lal Chand, Lal Chand Building, Totu, Shimla.	7 storeyed building.
15.	Sh.Bhupinder Singh near Sh.Tikinder Singh, P.N.B Bank Totu, Shimla.	6 storeyed building.
16.	Sh.Chattar Paul, Chattar Pal Building, Opp. To P.N.B, Totu, Shimla.	6 storeyed building.
17.	Sh.Narayan, Narain Bhawan, Totu, Shimla.	6 storeyed building.
18.	Sh.R.P.Khajuria, Khajuria Niwas, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
19.	Sh.Chander Kumar, Chander Kumar Building, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
20.	Sh.Gangu Ram Musafir, Musafir Building, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
21.	D.A.V School Building, New Totu. Shimla.	6 storeyed building.
22.	Sh.Santosh Sharma, Santosh Building, Power House, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
23.	Sh.Dinesh Kumar, Dinesh Kumar Building, Power House, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
24.	Sh.Vijay Kumar Sood, Divya Kunj Building, New Totu, Shimla.	7 storeyed building.
25.	Sh.Devi Ram, Devi Cottage, New Totu,	6 storeyed building.
26.	Smt.Maya Puri, Maya Puri Niwas, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
27.	Smt.Tulsi, Tulsi Niwas, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
28.	Sh.Ramesh Kumar, Happy Home, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
29.	Sh.Grover, Grover Building, New Totu, Shimla.	7 storeyed building.
30.	Sh.Sukh Ram, Sukh Ram Building, New Totu, Shimla.	6 storeyed building.
31.	Sh.Ajay Kumar and Dinesh Kumar, Ajay Bhawan, Totu Chowk, Shimla.	6 storeyed building.
32.	Smt.Kamla Sharma, Kamla Niwas, Totu Chowk, Shimla.	6 storeyed building.
33.	Smt.Parveet, Parveet Bhawan, Totu Chowk, Shimla.	6 storeyed building.
34.	Smt.Shankru, Shankru Building, Totu, Shimla.	7 storeyed building.
35.	Sh.Diwan Chand, Diwan Chand Building, Totu Shimla.	7 storeyed building.
36.	Sh.Naginder Gupta, Mangal Bhawan, Totu, Shimla.	6 storeyed building.
37.	Sh.Roshan Lal Thakur, Thakur Building, Totu, Shimla.	6 storeyed building.
38.	Sh.Madan Lal, near D.A.V School, Totu,Shimla.	6 storeyed building.
	Ward No.7 (Boileauganj)	
1.	Himachal Govt. Building, Ghora Chowki, Shimla.	6 Storeyed building
2.	Hotel Apple Regency, Ghora Chowki, Shimla.	6 Storeyed building
3.	Sh.Darshan Singh, Darshan Cottage, Ghora Chowki, Shimla	8 Storeyed building
4.	Sh.Narayan Dass, Asha Bhawan, Ghora Chowki, Shimla.	7 Storeyed building
5.	Sh.Baldev Parashar, Laxmi Bhawan, Ghora Chowki, Shimla.	7 Storeyed building
6.	Sh.Mukesh Malhotra, Santosh Bhawan, Katchi Ghati, Shimla.	10 Storeyed building
7.	Smt.Sarla Devi, Sarla Bhawan, Katchi Ghati, Shimla	6 Storeyed building
8.	Smt.Pratiba Gupta, Sunrise Building, Katchi Ghati, Shimla	8 Storeyed building
9.	Sh.Ashok Thakur, Thakur Niwas, Katchi Ghati, Shimla.	9 Storeyed building
10.	Sh.Ram Krishan Thakur, Thakur Building K.Ghati, Shimla.	6 Storeyed building
11.	Sh.Pawan Kumar, (Care Taker) Katchi Ghati, Shimla	7 Storeyed building
12.	Sh.Dinesh Kumar, Hira Niwas, Katchi Ghati, Shimla-6.	6 Storeyed building
13.	Sh.Ram Lal, Sant Niwas, Katchi Ghati, Shimla	6 Storeyed building
14.	Sh.Balbir Thakur, Thakur Niwas, K.Ghati.	6 Storeyed building
15.	Sh.Vinay Kumar, Hari Niwas, New Light and Sound Katchi Ghati, Shimla	7 Storeyed building
16.	Sh.Bhupinder Jeet,Advocate, Kangar House, K.Ghati, Shimla	8 Storeyed building
17.	Smt.Kanta Devi, Kanta Niwas, K.Ghati, Shimla.	6 Storeyed building
18.	Sh.Ranbir Karar and Rajinder, K.Ghati, Shimla.	6 Storeyed building
19.	Smt.Bimla Joshi, Joshi Building, K.Ghati, Shimla.	7 Storeyed building
20.	Sh.Devenderjit, K.Ghati, Shimla.	6 Storeyed building
21.	Near Sheel Hotel, K.Ghati, Shimla.	6 Storeyed building
22.	Sh.Devender Singh Thakur, near Sankat Mochan, Shimla.	6 Storeyed building
23.	Sh.Ravi Bhagra, Bhagra Steel, Tara Devi,	6 Storeyed building
24.	Smt.Amrita Krishan, Tara Devi, Shimla.	6 Storeyed building
25.	Sh.Ashok Kumar Garg, Bajaj Service Centre, K.Ghati, Shimla.	6 Storeyed building
26.	Sh.Pardeep and Udyaveer, K.Ghati,	6 Storeyed building
27.	Sh.Amar Nath Sharma, Lower Chakkar, Shimla.	8 Storeyed building
28.	Sh.Ashok Sood, Lower Chakkar, Shimla.	6 Storeyed building
29.	Sh.Pushpinder, Sandal Chakkar, Shimla	6 Storeyed building
30.	Puja Co.Op.Society Block-D, Sandal Chakkar, Shimla.	6 Storeyed building
31.	--do—Block-E,	6 Storeyed building
32.	--do- Block-A	6 Storeyed building
33.	--do—Block-C	6 Storeyed building
34.	St.Merry School, Puja Co.Operative. Sandal Chakkar, Shimla.	6 Storeyed building
35.	Sh.Dalip Sharma, Advocate, Prashant Nelay,	6 Storeyed building
	Ward No.8 (Tuti Kandi)	
1	Sh.Sita Ram Khajuria, Hari Nagar, near Middle School Panjri, Shimla.	6 Storeyed building
	Ward No.9(Nabha)	
1.	Directorate of Transport, Shimla	6 Storeyed building
2.	Hotel Cicil, Chaura Maidan	8 Storeyed building
	Ward No.10 (Phagli)	
1	Nil	
	Ward No.11(Krishana Nagar)	
1	Sh.S.K.Sood, Adjoining Gurudwara, Bus Stand, Shimla.	6 Storeyed building
2	Gurdwara Building Local Bus Stand.	6 Storeyed building
	Ward No.12 (Ram Bazar)	
1.	High Court Building,	10 storey
2.	M.C.Building/parking opp. Holiday Home.	6 storey
3.	Ram Mandir, Shimla Ram Bazar, Shimla	7 storey
4.	Hotel Amber, Ram Bazar, Shimla.	6 storey
5.	Indira Gandhi Sports Complex	6 storey
6.	Bakf Board Building Pursharthi Basti, Lower Bazar.	6 storey
7.	S.D.Girl School , Ram Bazar, Shimla.	6 storey
8.	Parkash Radio Building, Subji Mandi Shimla.	6 storey
9.	H.P.S.I.D.C, Bemloe, Shimla.	6 storey
	Ward No.13 (Lower Bazar)	
1..	Victory Hotel Building, Cart Road, Shimla.	6 storey
2.	Bindu Raj Dharamshala, Cart Road, Shimla.	6 storey
3.	Dayanand School, below State Bank Shimla.	6 storey
4.	Part of Hotel Gulmarg near Army Area, Shimla.	6 storey
5.	G.D.Khanna Building, The Mall, Shimla.	6 storey
6.	Devicos Building, The Mall, Shimla.	6 storey
7.	Indian Coffee House Bldg. The Mall Shimla.	6 storey
8.	Janki Dass Building, The Mall, Shimla.	6 storey
9.	Central Traders, 2, The Mall, Shimla	6 storey
10.	Syndicate Bank, 6, The Mall, Shimla.	6 storey
11.	Whiteway Building, The Mall, Shimla.	6 storey
12.	Samrat Hotel, The Mall Shimla.	6 storey
13.	Lok Nath & co., 16, The Mall, Shimla.	6 storey
14.	Reebok Showroom, 15, The Mall, Shimla.	6 storey
15.	Jain Building,	6 storey
16.	74, The Mall, Shimla.	6 storey
17.	Bridge View Hotel	6 storey
	Ward No.14 (Jakhoo)	
1	Jakhoo Ropeway, Jagson International Ltd.	12 storeyed building.
2	Cedar Wood, Sh.Partap Chauhan, Shimla.	7 storeyed building.
	Ward No.15 (Benmore)	
	Nil.	
	Ward No.16 (Engine Ghar)	
1	Surender Deshta & Sunil Deshta, Bangala Colony, Engine Ghar, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
2	Sh.I.D.Chandel, Parkash Chandel and Hem Chand Smt.Sunita Thakur, Bangala Colony, Engine Ghar, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
	Ward No.17(Sanjauli)	
1.	Sh.Rakesh Ahuja, Broadview Hotel, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
2.	Sanatan Dharam Sabha Building, Sanjauli.	6 Storeyed building
3.	Sh.Shankar Lal, Shankar Bhawan, Vill. Chalaunti, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
4.	Different owners, Laxmi Bhawan, North Oak, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
	Ward No.18 (Dhalli)	
1.	Kamla Niwas, Churat road, near Pranchal Guest House.	8 Storeyed building
2.	Dhani Niwas, Churat road, near Pranchal Guest House,	7 Storeyed building
3.	Moti Niwas, Churat road, (Hospital) near Bye Pass road.	7 Storeyed building
4.	Kaushalya Devi, (Ladies Tailor) near Bye Pass Dhaba.	6 Storeyed building
5.	Sunita Viz (Hotel Shimla Inn) near Bye Pass Dhaba.	6 Storeyed building
6.	Sh.Ranbir Singh S/o Sh.Agya Ram (Nav Rattan Hotel) near Tunnel.	6 Storeyed building
7.	Krishan Dev Building(Vaishno Dhaba) near Dhalli Chowk.	6 Storeyed building
8.	Jang Bahadur,(A one Dhaba) near Dhalli Chowk.	6 Storeyed building
9.	Amar Building, near Motor Work Shop, Dhalli	6 Storeyed building
	Ward No.19 (Chamyana)	
1.	Sh.Arun Chauhan, Dhingu Dhar, Cemetry Block-I,	6 Storeyed building
2.	--do—Block II	6 Storeyed building
3.	Sh.D.D.Sharma, Upper Cemetry R/o Tara Mata Mandir, Cemetry.	6 Storeyed building
4.	Sh.O.P.Sharma, Achal Niwas, Bhattakufar path, Cemetry.	6 Storeyed building
5.	Sh.Ajay Beakt, near New India Sweet Shop, Cemetry Shop, Shimla.	6 Storeyed building
6.	Sh.Hans Raj Chauhan, Cemetry road, Opp. Rajinder Chauhan Shop.	6 Storeyed building
7.	Vikrant Bhawan, near P.W.D Building Cemetry, road.	6 Storeyed building
8.	Trimurti Bhawan, (Jaina Building near PWD Building Cemetry road Sanjauli, Shimla.).	6 Storeyed building
	Ward No.20 (Sangti /Malyan)	
1.	Sh.Balbir Banshtoo Sukh Sadan Niwas, Sangti, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
2.	Sh.S.L.Sharma, Shiv Niwas, Sangti, Sanjauli, Shimla.	6 Storeyed building
3.	Sh.Vijay Verma, Verma Niwas, Flowerdale, Shimla.	6 Storeyed building
4.	Smt.Suman, Sidarth Cottage, Nav Bahar	6 Storeyed building
	Ward No.21 (Kasumpti)	
1.	Sh.Yudhveer Sipahiya, near Verma Apartment, Jiwnoo Colony, Kasumpati, Shimla.	6 Storeyed building
2.	Sh.S.S.Thakur, Thakur Villa, Kasumpti Bazar, Shimla.	6 Storeyed building
	Ward No.22 (Chotta Shimla)	
1.	Pushpa Niwas, Dev Nagar, C/o Partap Singh Mehta,	6 +1 Storeyed building
2.	Chirag Cottage, Dev Nagar, Shimla.	6 Storeyed building
3.	Verma Apartment, Block A-12	6 Storeyed building
4.	Regional Ayurvedic Hospital Chotta Shimla	8 Storeyed building
5.	Block- 3, SDA Complex	6 Storeyed building
6.	Block No.2, SDA Complex	6 Storeyed building
7.	Block No.40, SDA Complex, Office SBI	8 Storeyed building
8.	Block-B, Flat No.1 to 4 Verma Apparment Dev Nagar, Shimla.	6 Storeyed building
9.	Block-32, TCP Office	6 Storeyed building
10.	Sh.Ashok Maidan near Block No.32,	8 Storeyed building
11.	Sh.Bhupinder Singh	7 Storeyed building
	Ward No.23 (Pateyog/ New Shimla)	
1.	Smt.Khema Sharma, C/o Mahu Nag Brother, main road, BCS Shimla.	7 Storeyed building
2.	Sh.Rakesh Goel, Goel Brother, main road B.C.S Shimla.	6 Storeyed building
3.	Sh.Girish Gupta, Gupta Niwas, Sec-IV, main road, New Shimla.	7 Storeyed building
4.	Sh.Umesh Sharma, Valley View Building, Sec-IV main road, New Shimla.	6 Storeyed building
5.	Sh.Gagan Sharma, near Valley View Building Sec-IV, main road, New Shimla.	6 Storeyed building
6.	Sh.Ajay Bhandari, near BCS Chowk, New Shimla.	6 Storeyed building
7.	Sh.P.C.Bhardwaj, Bhardwaj Niwas, B.S.N.L Building Office, Kangna Dhar, New Shimla.	6 Storeyed building
	Ward No.24 (Khalini)	
1.	Sh.Rajinder Thakur, Villa Bhawan, near Hanuman Mandir, Khalini.	6 Storeyed building
2.	Sh.Tikku Thakur, Thakur Vatika, Khalini, near Hanuman Mandir.	6 Storeyed building
3.	Sh.Mukesh Sood, Sood Niwas, Bhagwati Nagar, Lower Khalini, Shimla.	6 Storeyed building
4.	Sh.Hira Lal, Hira Bhawan, near Marketing Board, Lower Khalini, Shimla.	6 Storeyed building
5.	Sh.D.L.Verma, Kala Bhawan, near Marketing Board, Lower Khalini, Shimla.	6 Storeyed building
6.	Sh.T.C.Verma, Verma Niketan, Anand Nagar, Lower Khalini, Shimla.	6 Storeyed building
	Ward No.25 (Kanlog)	
1.	Kamla Nehru Hospital	7 Storeyed building
2.	HPSIDC	7 Storeyed building

गुड़िया प्रकरण में सीबीआई अब तक क्यो नही कर पायी कोई और गिरफ्तारी

शिमला/शैल। गुड़िया प्रकरण में सीबीआई ने दस माह बाद बड़ी सफलता का दावा करते हुए कांगड़ा के बड़ा भंगाल क्षेत्र के एक चिरानी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी पर सीबीआई ने यह दावा किया है कि पूरे फारैन्सिक साक्ष्यों के आधार पर इसको अंजाम दिया गया है। यह भी दावा किया गया है कि इस कांड में चार पांच लोग और फिर शामिल हैं जिन पर सीबीआई की पूरी नज़र बनी हुई है। सीबीआई के दावे कितना पुख्ता हैं और किस हद तक उसे यह मामला सुलझाने में सफलता मिल चुकी है इसका खुलासा तो आने वाले वक्त में ही सामने आयेगा। लेकिन जो कुछ घट चुका है उसके मुताबिक अब तक इसमें सीबीआई केवल एक ही गिरफ्तारी कर पायी है। यदि इस कांड में चार-पांच लोग और भी शामिल हैं तथा उन पर सीबीआई की पूरी नजर है तो फिर अब तक अगली कोई गिरफ्तारी क्यों नही हो पायी है जबकि इस एक ही गिरफ्तारी पर कांगड़ा के सांसद शान्ता कुमार से लेकर कांग्रेस के विनय शर्मा तक कई लोग गंभीर आशंकाएं व्यक्त कर चुके हैं। चिरानी नीलू की गिरफ्तारी सीबीआई ने 13 अप्रैल को कर ली थी लेकिन उसके बाद अब मई का पहला सप्ताह पूरा बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी न हो पाना इस आशंका की संभावना को पुख्ता करता है कि उच्च न्यायालय की लताड़ के बाद हुई चिरानी की गिरफ्तारी महज़ एक अन्धेरे का ही तीर है जो आशंका शैल पहले ही व्यक्त कर चुका है।

सीबीआई के पास यह मामला 23 जुलाई को चला गया था। सीबीआई पर अब तक लगभग दो करोड़ राज्य सरकार का खर्च हो चुका है। इस तरह करीब दस माह बाद एक चिरानी की गिरफ्तारी किया जाना और उस गिरफ्तारी की स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल किये जाने तक मीडिया को कोई भी तफसील जारी न किया जाना ऐजैन्सी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। क्योंकि इस अकेली गिरफ्तारी से इस कांड को गैंग रेप करार देना संभव नही होगा। जबकि अब तक इसे सामूहिक दुष्कर्म ही माना जाता रहा है। स्मरणीय है कि यह कांड चार जुलाई को घटा था। गुड़िया चार बजे स्कूल से निकली और उसके बाद उसे पकड़ा गया उसके साथ गैंग रेप हुआ फिर छः बजे तक उसकी हत्या भी कर दी गयी। जिस स्थान पर उसकी लाश मिली है वह स्कूल से करीब 20 मिनट का रास्ता माना जाता है। जिस जगह उसकी लाश मिली है वह भी आम रास्ते से इतनी दूर नही है कि जहां से उसके चीखने चिल्लाने की आवाज न पहुंचती। फिर गैंग रेप से लेकर हत्या तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक छः बजे तक घट जाता है। तो क्या यह लोग पेशेवर शातिर अपराधी थे जिन्होने दो घण्टे से भी कम समय में इस सबको अंजाम दे दिया? लेकिन आम आदमी के गले यह बात आसानी से उतरती नही है। क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर न तो पुलिस ने कोई शक जाहिर किया है और न ही सीबीआई ने। यदि एफआईआर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट दोनों ही सही हैं तो यह सारा कांड दो घण्टे से कम समय में अजाम दिया गया है। लेकिन पकड़े गये चिरानी को देखने के बाद यह नही लगता कि वह कोई पेशेवर शातिर अपराधी हो जो पकड़े जाने के लिये सीबीआई का इन्तजार कर रहा था।

इसी के साथ दूसरा सवाल यह खड़ा होता है कि जिन चार लोगों के फोटो सोशल मीडिया में मुख्यमन्त्री के अधिकारिक फेसबुक पेज पर वायरल हुए और फिर हटा लिये गये। ऐसा क्यों और किसने किया इस पर से न तो पुलिस और न ही सीबीआई पर्दा हटा सकी है? इस पक्ष पर अब तक चुप्पी क्यों है जबकि इन चारों लोगों ने कोटखाई पुलिस थाना में एक संयुक्त शिकायत दर्ज करवाई थी इस शिकायत पर अब तक क्या कारवाई हुई है इस पर भी कुछ भी सामने नही आया है क्यों? गुड़िया चार जुलाई को स्कूल से घर नही पहुंची। पांच जुलाई को भी घर नही पहुंची लेकिन उसके घरवालों ने न चार को और न ही पांच को इस बारे में पुलिस को सूचित किया क्यों? पांच को देर शाम लड़की के मामा को सूचित किया जो छः को सुबह तलाश के लिये निकला और उसे लाश मिल गयी। उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। क्या गुड़िया के घर वालों पर पुलिस में शिकायत न करने के लिये कोई दवाब था? इस पक्ष पर भी कुछ सामने नही आया है। यह है एफआईआर और लड़को की शिकायत

जिनके फोटो वायरल हुए थे उनकी शिकायत


सेवा में
श्रीमान थाना प्रभारी
कोटखाई।
विषय — Social Media में Viral हुई फोटो हेतु
श्रीमान जी,
निवेदन यह है कि हलाईला-महासू के जंगल में हुई Rep व Murder की वारदात की मे तीन लड़कों को जांच के लिए गिरफतार किया गया है जिनके नाम टिप्पी नेगी, इशान चौहान, व आशीष चौहान है। Social Media में कुछ शरारती तत्वों द्वारा नाम फोटो सहीत Viral कीए जा रहे है। जिनका इस केस से कोई सम्बन्ध नही है। फोटो के वायरल (Viral) होने से हमें अपराधी माना जा रहा है। अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। हमें जान का भी खतरा है। घर के सभी सदस्य चिन्ता में है कि कहीं हमारे बच्चों के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। हम व घरवाले अपने आपको घर में भी असुरक्षित महसूस कर रहे है। तनाव के कारण कुछ समझ नही आ रहा क्या करें। अतः आप से अनुरोध है कि जिन लोगो ने यह Post की है उनके प्रती कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए ताकि हम इस परेशानी से निजात पा सके और दोबारा कोई इस तरह की Post करने से पहले 100 बार सोचे।
धन्यवाद
प्रार्थी
अंकुश चौहान
अन्मुल नेगी
अरमान चौहान
रजनीश ठाकुर

यह है पुलिस द्वारा दर्ज एफ आई आर


जिला शिमला हि.प्र.।

विषय :- पर्यविक्षक टिप्पणी बाबत अभियोग संख्या 97/17 दिनांक 06.07.2017 जेर धारा 302, 376 भा.द.स. व 4 पोक्सो एक्ट पुलिस थाना कोटखाई, जिला शिमला हि.प्र.।

प्रथम सूचना रिपोर्ट :-

संक्षिप्त हालात अभियोग इस प्रकार से है कि यह अभियोग श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री दुलजी राम निवासी गांव बनोगड़ा डा. बखोल तह. कोटखाई जिला शिमला (हि.प्र.) व उम्र 50 वर्ष के ब्यान पर पंजीकृत किया हुआ। जिसका विवरण निम्न हैं, "मैं उपरोक्त पते का रहने वाला हूं तथा पेशा बागवानी का काम करता हूं। दिनांक 05.07.2017 को मेरे जीजा श्री केशव राम ने मुझे फोन पर समय करीब 9 बजे रात सूचना दी थी कि मेरी लड़की महासू स्कूल से वापस घर न पहुंची है। जिसकी तलाश करने आज दिनांक 06.07.2017 को मैं व मेरा भाई देवी राम पता करते हुए समय 7:30 बजे प्रातः हलाईला जंगल की तरफ निकले तो एक कुता सड़क के पास नीचे दौड़ता हुआ गया तो नीचे खाई के बीच हमारी नजर पड़ी जो स्कूल ड्रेस के साथ ही नग्न अवस्था में ...... की नाश मृत अवस्था में मौजूद पाई गई है, जो ऐसा प्रतीत होता है कि किन्हीं न मालूम व्यक्तियों द्वारा के साथ गलत काम करके उसके उपरांत उसे मार दिया है। जो मेरे भाई देवी राम ने इस घटना की सूचना फोन पर पुलिस को दे दी है तथा जीजा श्री केशव राम को भी फोन पर सुचना दी है। अभी तक किसी पर कोई शक शुबा न है परन्तु ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यावाही की जाए।" उपरोक्त ब्यान पर अभियोग थाना कोटखाई में पंजीकृत किया गया तथा अद्धोहस्ताक्षरी द्वारा भी दिनांक 06.07.2017 को मौका का निरीक्षण किया गया। मौका पर स.उ.नि. दीप चन्द अन्वेषणाधिकारी पुलिस थाना कोटखाई द्वारा अभियोग का अन्वेषण अमल में लाया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी दिनांक 06.07.2017 को मौका का निरीक्षण किया गया तथा अद्धोहस्ताक्षरी द्वारा स.उ.नि. दीप चन्द, अन्वेषणाधिकारी, पुलिस थाना कोटखाई को अन्वेषण के सम्बन्ध में निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं :-

1. घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया जाए। मौका पर पड़े तमाम भौतिक साक्ष्यों को कब्जा पुलिस में लेकर रसायनिक परीक्षण हेतू SFSL जुन्गा भेजा जाए।

इस मामले में छः को लाश मिलने के बाद एफआईआर दर्ज हुई। मीडिया में इसको लेकर खबरें आठ और नौ को छपनी शुरू हुई जिस पर दस तारीख को ही उच्च न्यायालय ने संज्ञान ले लिया। इसी बीच इस मामले पर जनता भी उत्तेजित हो गयी। गुड़िया न्याय मंच बन गया। जनता ने कोटखाई पुलिस थाना का घेराव करके वहां तोड़फोड़ को अजांम दे दिया। उच्च न्यायालय को यह कहना पड़ा In the post lunch session, when the matter was taken up, we were informed by the learned Advocate General that Malkhana of Police Station at Kotkhai, District Shimla, H.P., stands ransacked; some of the files kept in the Police Station burnt; five vehicles of the police department burnt; Fire Brigade is not allowed by the mob to enter the area; and three police personnel injured, who stand referred for medical treatment to the respective hospitals. Also, though there is huge public outcry, yet police is exercising restraint in maintaining the law and order situation. It is further submitted that in view of peculiar facts and circumstances, matter warrants investigation to be conducted by the Central Bureau of Investigation (in short CBI). It is further prayed that necessary orders in that regard be passed. The Chief Secretary to the Government of Himachal Pradesh shall ensure that appropriate action is taken against the erring officials/officers/functionaries of the State, in accordance with law. Within a period of two weeks from today, he shall independently examine the matter and take appropriate action. (vii) The Director General of Police, Himachal Pradesh shall ensure maintenance of law and order. (viii) Affidavit of the Chief Secretary and status report by the SIT be filed not later than two weeks. लेकिन आज तक मुख्य सचिव की ओर से उच्च न्यायालय के निर्देशों पर क्या कारवाई की गयी है यह भी जनता के सामने नही आया है क्यों? सीबीआई भी इन पक्षों पर चुप है और अब इस गिरफ्तारी से पूरा परिदृश्य ही ही बदल जाता है और यह संकेत जाता है कि क्या जन आन्दोलन केवल पुलिस थाना कोटखाई के कुछ रिकार्ड को नष्ट करने के लिये ही था।

HP.PWD.TENDERS

Sealed item rate tender on form PWD-8 are hereby invited on behalf of Governor of H.P. by the Executive-Engineer, Rohru Division, HPPWD., Rohru for the following works from the approved and eligible contractors enlisted in HPPWD., so as to reach in the office of the Executive-Engineer, Rohru Division, HPPWD., Rohru on or before 02-06-18 upto 10.45AM.and will be opened on the same day at 11.00 AM. in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tender form documents can be had from his office (Rohru Division HPPWD.,Rohru) against cash payment(Non refundable) on any working day during the office hours upto 3.00 PM. 01-06-18 on. No application for issue of tender forms will be received on 01-06-18 after 3.00PM. If the Office happens to be closed on the above mentioned dates, the tenders will be sold/ opened on the next working day at the same time and venue.

The earnest money in the shape of National in the name of the XEN, must accompany each tenders. Conditional tenders and application (for purchase of tender-forms) received without earnest money will summarily be rejected. The Offer of the tenders shall be kept open for 120 days.The XEN. Reserves the right to accept or to reject any or all the tenders without assigning any reasons.

The copy of the latest renewal/enlistment, sale-tax clearance certificate must also accompany the application for the purchase of tender-documents. Saving certificate /Time deposit account/Saving bank account in any of the post offices in HP. duly pledged.

Sr.No. Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	Time/Cost of form
1. A/R & M/O Machoti Kui road km 0/0 to 9/0 (S.H:- laying of patch work at various RD's Between 0/0 to 9/0)	Rs.7,75,243/-	Rs.15,600/-	01 Month
2. A/R & M/O Rohru Sungri road km 0/0 to 29/0 (S.H:- laying of patch work RD's Between 14/0 to 27/0)	Rs.8,95,837/-	Rs.18,000/-	01 Month
3. -do- (S.H:- -do- RD's Between 0/0 to 14/0)	Rs.9,04,450/-	Rs.18,100/-	01 Month
4. A/R & M/O Podhar Mandeori road km 0/0 to 6/0 (S.H:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 6/0)	Rs.5,16,829/-	Rs.10,500/-	01 Month
5. A/R & M/O Rohru Arhal Bashala road km 0/0 to 12/0 (S.H:- laying of patch work Various RD's Between 0/0 to 12/0)	Rs.8,61,381/-	Rs.17,300/-	01 Month
6. A/R & M/O Link road to village Kanewra km 0/0 to 2/0 (S.H:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 2/0)	Rs.1,72,276/-	Rs.3,500/-	01 Month
7. A/R & M/O Bhatwari Hingwala Gawas road km 0/0 to 7/0 (S.H:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 7/0)	Rs.4,52,225/-	Rs.9,500/-	01 Month
8. A/R & M/O Samoli Bhatwari road km 0/0 to 7/0 (S.H:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 7/0)	Rs.3,31,631/-	Rs.6,700/-	01 Month
9. A/R & M/O Samoli Parsa road km 0/0 to 7/0 (S.H:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 2/0 & 4/0 to 7/0)	Rs.3,31,631/-	Rs.6,700/-	01 Month
10. A/R & M/O Parsa Chiuni Lowerkoti Chhupari road km 0/0 to 10/0 (S.H:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 6/0 & 84/0 to10/0)	Rs.4,73,758/-	Rs.9,500/-	01 Month
11. A/R & M/O RCD road km 0/0 to 2/0 and Udhoniwas Jakhar Road km 0/0 to 5/0(SH:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 2/0 & 1/0 to 5/0)	Rs.3,31,631/-	Rs.6,700/-	01 Month
12. A/R & M/O Kansakoti Kuttara Dalgaon road km RD 0/0 to 15/300 (laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 15/300)	Rs.9,88,435/-	Rs.19,800/-	01 Month
13. A/R & M/O to Badiyara Kaloti Dumadhar & Badiyara Masli Dakgaon road (SH:- laying of patch work at Various RD's Between 1/0 to 4/400 & 0/0 to 2/0)	Rs.4,13,463/-	Rs.8,300/-	01 Month
14. A/R & M/O to Chirgaon Gushali Rohal road km 0/0 to 16/0 (SH:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 2/0 & 4/0 to 5/0)	Rs.2,57,143/-	Rs.5,700/-	01 Month
15. A/R & M/O Seema Rantari road km 0/0 to 12/0 (SH:- laying of patch work at Various RD's Between 0/0 to 2/0 & 3/0 to 12/0)	Rs.5,16,829/-	Rs.10,400/-	01 Month
16. A/R & M/O RCD road km 2/0 to 21/195 (SH:- laying of patch work at Various RD's Between 14/600 to 18/0 & 20/0 to 21/195)	Rs.3,95,805/-	Rs.8,000/-	01 Month
17. A/R & M/O RCD road km 0/0 to 21/195 (SH:- M/T at RD's 9/0 to 13/0)	Rs.2,69,182/-	Rs. 5,500/-	01 Month
18. A/R & M/O RCD road km 0/0 to 21/195 (SH:- M/T at RD's 14/0 to 14/525)	Rs.7,39,936/-	Rs.15,000/-	01 Month
19. S/R to Judge residence at Rohru to Rohru Tehsil Distt Shimla(SH:- repair of celling rooms and painting and polishing over wood work of structure)	Rs.9,98,796	Rs.20,000/-	02 month
20. A/R & M/O various non Residential Building (SH:- S.E. Office building , E.E. residence & S.D.O. office building etc at Rohru)	Rs.5,39,680/-	Rs.11,000/-	02 month

Terms and conditions:-
1. The Earnest-money for the above works should be submitted with the application for the purchase of the tender-documents.
2. The Contractors should quoted the rates of all the items in the tenders both in figures and words.
3. Income tax & Sale tax No latest Sales tax clearance certificate.
4. The contrs / firm shall accompany his enlistment/renewal & EPF with his application for obtaining the tender document.
5. The contractors should apply for two works only at a time for tenders.

Adv. No.-0469/18-19 **HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK**

मंत्रिमण्डल के निर्णय

26 नई एम्बुलेंस खरीदने को मंजूरी

शिमला/शैल। राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हि.प्र. मंत्रिमण्डल की आयोजित बैठक में कुल्लू जिला के मनाली स्थित लेडी विलिंगडन अस्पताल की सहायता से हेली मिशन स्विट्जरलैंड द्वारा संचालित की जाने

वाली निःशुल्क हेली एम्बुलेंस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय स्वास्थ्य परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ करने और विशेषकर राज्य के दूरदराज तथा जनजातीय क्षेत्रों के मरीजों को समय पर हवाई सेवा से अस्पताल पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने की।

मंत्रिमण्डल ने कुल्लू जिले में स्वास्थ्य उपचार परिवर्तन परियोजना यानि टाटा डिजिटल नरवज सेंटर प्लेफार्म (डीआईएनसी) की स्थापना के लिए मंजूरी प्रदान की। डीआईएनसी एक सेवा नेतृत्व मंच म डल है और रोगियों, अस्पतालों तथा चिकित्सकों के बीच उनके भौगोलिक स्थानों के बावजूद आपसी संचार की सुविधा प्रदान करता है। यह मूल लक्षणों की जांच करने में मदद करता है, चिकित्सक परामर्श की सुविधा प्रदान करता है तथा फॉलो-अप के लिए अलर्ट भेजने और रोगियों के रिकार्ड का प्रबन्धन करता है।

मंत्रिमण्डल ने हिमाचल पथ परिवहन निगम में परिवहन बहुद्देशीय सहायक (टीएमपीए) के 1235 पद भरने को स्वीकृति प्रदान की। हिमाचल प्रदेश सचिवालय प्रशासन विभाग (एसएडी) में सीधी भर्ती से अनुबंध आधार पर लिपिकों के 200 पद तथा जूनियर स्केल स्टैनोग्राफर के 25 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में लोक निर्माण विभाग में अनुबंध आधार पर जूनियर इंजीनियर (सिविल) के 100 पद तथा जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) के 20 पद भरने को मंजूरी प्रदान की गई।

मंत्रिमण्डल ने लोक निर्माण विभाग में अनुबंध आधार पर सहायक अभियन्ता (सिविल) के 25 पद तथा सहायक अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के दो पद भरने को स्वीकृति प्रदान की।

आयुर्वेद विभाग में राज्य औषधीय पौध बोर्ड के अन्तर्गत कंस्लटेंट के दो पद तथा डाटा एंट्री आपरेटर के दो पद भरने की मंजूरी प्रदान की।

मंत्रिमण्डल ने जिला कांगड़ा के नागरिक अस्पताल नूरपुर को विभिन्न श्रेणियों के 42 अतिरिक्त पदों के सृजन सहित 200 बिस्तरों के अस्पताल में स्तरोन्नत करने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुर्वेद विभाग में कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई की स्थापना के लिए विभिन्न श्रेणियों के सात पदों को भरने का भी निर्णय लिया गया।

मंत्रिमण्डल ने मण्डी जिले की तहसील थुनाग के छतरी में विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों के सृजन सहित नया अत्याधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले ग्राम पंचायत वेटनरी असिसटेंटस (जीपीवीए) को अनुबंध के अन्तर्गत लाया जाएगा।

मंत्रिमण्डल ने रोगियों को सुविधा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा-108 के अन्तर्गत पुरानी एम्बुलेंस को बदलने के एवज में 26 नई एम्बुलेंस खरीदने को भी मंजूरी प्रदान की।

महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम के शिमला खण्ड पर बनेगी कॉफी टेबल बुक

शिमला/ शैल। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर नई दिल्ली में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्तूबर, 2018 से 2 अक्तूबर, 2019 तक चलने वाले साल भर लम्बे जश्न की तैयारियों पर विचार विमर्श करने के लिए राष्ट्रपति भवन में आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने की। बैठक में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित थे।

जय राम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि राज्य सरकार इस अवसर को उपयुक्त ढंग से मनाने की विस्तृत योजना बना रही है।

उन्होंने कहा कि शिमला एक ऐतिहासिक स्थान है। महात्मा गांधी जी 1921 से 1946 के बीच कई बार शिमला आए तथा चक्कर की शान्ति कुटिया, समरहिल के मैनोरविला इत्यादि सहित 10 स्थानों पर रहे। इसके अतिरिक्त पीटरहॉफ में नथूराम गोड़से पर मुकदमा चलाया गया था। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी से जुड़े सभी स्थानों को 'आज पुरानी राहों से (एपीयूआरएसए) योजना' के अन्तर्गत कल्चरल हैरीटेज कममेोरेटिव सर्किट में परिवर्तित किया जाएगा। इन सर्किटों को विशेष सांस्कृतिक गाईड उपलब्ध करवाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिज पर महात्मा गांधी की प्रतिमा व अन्य स्मृति वस्तुओं की स्मारिकाओं को बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा तथा इन्हें पोस्टर, कॉमिक बुक्स में परिवर्तित किया जाएगा और संग्रहालय की विशेष गैलरी में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में महात्मा गांधी के जीवन विशेषकर 'माई एक्सपैरिमेंटस विद ट्रूथ' तथा स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां तथा नाटक आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के स्वतंत्रता संग्राम में 1921-46 के शिमला खण्ड पर कॉफी टेबल बुक भी बनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 'इन द फुटस्टैप्स ऑफ द महात्मा- शिमला चैप्टर' नामक फिल्म में गांधी की स्मृतियों को शिमला के लोगों के विचारों द्वारा ताजा किया जाएगा।

जय राम ठाकुर ने कहा कि गांधी के पसंदीदा भजनों पर आधारित नृत्य, संगीत तथा रंगमंच की जुगलबंदी तथा मौके पर चित्रकला द्वारा महात्मा गांधी के जीवन के शिमला खण्ड को स्मरण किया जाएगा।

बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे।

हरिपुरधार को किया जाएगा मुख्य पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित: मुख्यमंत्री

शिमला/शैल। राज्य सरकार हरिपुरधार को राज्य के पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस स्थान को विकसित करने का मामला 'स्वदेश दर्शन कार्यक्रम' के अन्तर्गत भारत सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सिरमौर जिले के हरिपुरधार में तीन दिवसीय माता भंगयाणी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

जय राम ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की आपार सम्भावना है तथा राज्य सरकार पर्यटन की दृष्टि से इसके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों तथा आम जनमानस को सुविधा प्रदान करने के लिए माता भंगयाणी मंदिर परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। इसलिए सरकार का विशेष ध्यान इन क्षेत्रों का विकास करने पर है। उन्होंने कहा कि मेले एवं त्यौहार हमारी संस्कृति तथा परम्पराओं का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा कि सरकार बदले की भावना से काम नहीं करेगी तथा प्रदेश के प्रत्येक भाग का समान रूप से विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल के अन्तिम समय के दौरान प्रति कॉलेज एक लाख रुपये के प्रावधान के साथ 16 डिग्री कॉलेज खोले। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने उपयुक्त बजट प्रावधान के बिना प्रदेश में स्वास्थ्य तथा शैक्षणिक संस्थान भी खोले।

उन्होंने कहा कि हरिपुरधार तथा समीप के गांव के लिए 1.76 करोड़ रुपये की उठाऊ जलापूर्ति योजना का

कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त डिग्री कॉलेज हरिपुरधार के लिए लगभग 63 लाख रुपये की उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि नौहराधार से चाड़ना के लिए सोलन-मीनस सड़क के सुधार एवं स्तरोन्नयन पर 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिले के रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 43 करोड़ रुपये तथा नाबार्ड के अन्तर्गत बंदला-गुसेण सड़क पर सात करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगड़ाह में मिनी सचिवालय भवन के निर्माण पर सात करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने हरिपुधार में पुलिस चौकी खोलने, बोगधार में लोक निर्माण विभाग का उप-मण्डल, बेयांग में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, चण्डीगढ़-अंधेरी बस सेवा को हरिपुरधार तक विस्तृत करने, डिग्री कॉलेज हरिपुरधार में विज्ञान तथा वाणिज्य की कक्षाएं आरम्भ करने, सिओ माध्यमिक पाठशाला को उच्च पाठशाला, प्राथमिक पाठशाला मथाल तथा पावंटा को माध्यमिक पाठशालाओं में स्तरोन्नत करने, क्षेत्र की पांच पाठशालाओं में प्रत्येक पाठशाला में दो कमरों के निर्माण, हरिपुरधार में पटवार वृत, आईटीआई माईना के भवन के लिए 1.50 करोड़ रुपये, कुरा खड्ड पर पुल के निर्माण, नौहराधार तथा हरिपुरधार में सब्जी मण्डी खोलने, हरिपुरधार में स्टेडियम के लिए 10 लाख रुपये, हरिपुरधार में हैलीपैड के विस्तार के लिए 10 लाख रुपये तथा मेला कमेटी के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

कालका-शिमला रेलवे लाइन पर रेलों की गति व आवाजाही को बढ़ाया जाएगा

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने नई दिल्ली में केन्द्रीय रेलवे मंत्री पीयूष गोयल से भेंट कर हिमाचल प्रदेश में रेल नेटवर्क के विस्तार पर विचार-विमर्श किया।

पीयूष गोयल ने प्रदेश को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि कालका-शिमला रेल मार्ग पर चलने वाली रेलों की गति व आवाजाही को बढ़ाया जाएगा तथा इस यात्रा की वर्तमान अवधि को पांच घण्टे से घटाकर केवल तीन घण्टे करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को इस मामले पर तुरन्त कार्य करने के निर्देश दिए तथा कहा कि वह मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के साथ अपने सम्बन्धों के 30 वर्ष पूरा होने पर उन्हें यह उपहार देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह जोगेन्द्रनगर-पठानकोट रेल की गति को भी बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस निर्णय से कालका-शिमला उच्चमार्ग पर यातायात सुविधाजनक बनेगा तथा और अधिक पर्यटक प्रकृति का आन्नद उठाने के लिए रेलमार्ग से यात्रा करना पसंन्द करेंगे। उन्होंने भानुपल्ली -बिलासपुर तथा ऊना -हमीरपुर रेल मार्गों पर तीव्र गति से कार्य करने, कालका-शिमला मार्ग पर विभिन्न रेलवे स्टेशनों में सुविधाओं में सुधार लाने तथा शिमला रेलवे स्टेशन के समीप सभी प्रकार की सुविधाओं से मुक्त बहुमंजिला पार्किंग निर्मित करने का भी आग्रह किया।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश को हर सम्भव सहायता प्रदान की जाएगी तथा जोगेन्द्रनगर -पठानकोट की रेलवे लाइन को भी सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से ऊना-हमीरपुर रेलवे लाइन के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के लिए संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि रेलवे भूमि पर बहुमंजिला पार्किंग व व्यावसायिक परिसर के लिए निविदाओं को अन्तिम रूप दिया जाएगा। इन सुविधाओं से शिमला में यातायात को व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं मालिक श्री बलदेव शर्मा द्वारा ऋचा प्रिटंर्ज एण्ड पब्लिशर्ज़ रिवोली बस अड्डा लक्कड़ बाजार शिमला से प्रकाशित व मुद्रित दूरभाष: 0177-2805015, 94180-15015 फैक्स: 2805015

मकलोड़गंज पर अभी तक जिला जज ही नही दे पाये हैं जांच रिपोर्ट

शिमला/शैल। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से मैकलोड़गंज में हुए अवैध निर्माण पर रिपोर्ट तलब की है। मैकलोड़गंज के बी ओ टी के माध्यम से बने बस अड्डा प्रकरण की जांच सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश के मुख्य सचिव से लेकर कांगड़ा के जिला जज् को सौंपी थी। इस पर चार माह में रिपोर्ट जानी थी जो अब एक वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी नही गयी है। अब सरकार इसमें सर्वोच्च न्यायालय के सामने क्या तथ्य रखती है इस पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं। क्योंकि यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना उसका अधीनस्थ जिला जज ही तय समय में न कर पाये तो फिर प्रशासनिक अधिकारियों से ऐसी अनुपालना की अपेक्षा कैसे की जा सकती है यह एक बड़ा सवाल सर्वोच्च न्यायालय के सामने रहेगा।

स्मरणीय है कि धर्मशाला के मकलोड़गंज में बीओटी के आधार पर बन रहे बस अड्डा और चार मंजिला होटल तथा शॉपिंग कम्पलैक्स के निर्माण को एक अनुज भारद्वाज ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित सीईसी में चुनौती दी थी। इसमें यह आरोप लगाया गया था कि यह निर्माण वनभूमि पर हो रहा है और इसके लिये वन एवम् पर्यावरण अधिनियम के तहत वांच्छित अनुमति नही ली गयी है। इस मामलें पर सीईसी ने अपनी रिपोर्ट 18 सितम्बर 2008 को सर्वोच्च न्यायालय को सौंपी थी। इस रिपोर्ट में पूरे निमार्ण पर कानूनी प्रावधानों की घोर उल्लंघना के गंभीर आरोप लगे है। इस उल्लंघना में पूरे संवद्ध प्रशासन की भी मिली भगत पायी गयी है। इस उल्लंघना के लिये प्रदेश सरकार को एक करोड़ का जुर्माना लगाया गया था और निर्माण कर रही कंपनी मै. प्रशांती सूर्य को ब्लैक लिस्ट किया गया था।

सीईसी की इस रिपोर्ट को प्रशांती सूर्य ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जिस पर मई 2016 में फैसला आया। इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने मै. प्रशांती सूर्य को 15 लाख का जुर्माना लगाया और बस अड्डा प्रबन्धन एवम् विकास अथॉरिटी पर दस लाख और पर्यटन विभाग पर भी पांच लाख का जुर्माना लगाया। जुर्माने के साथ इसमें बन रहे होटल और रेस्तरां को गिराने के भी आदेश पारित किये हैं। इसी के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव को पूरे प्रकरण की जांच करके बस अड्डा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करके उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कारवाई की अनुशंसा की है।

बस अड्डा प्राधिकरण ने सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले की फिर से अपील की। इस अपील की सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने पहले फैसले को संशोधित करते हुए इसकी जांच मुख्य सचिव से लेकर जिला जज धर्मशाला को सौंप दी और चार माह में इसकी रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय को सौंपने के निर्देश दिये। यह निर्देश 2017 में दिये गये थे और करीब एक वर्ष हो गया है। लेकिन यह रिपोर्ट अभी तक नही जा सकी है। इस संबंध में जब जिला जज के कार्यालय से संर्पक किया तो उन्होने कहा कि उन्हे इसकी जानकारी ही नही है। जिला जज से इस बारे में बात नही हो सकी। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के वाबजूद जिला जज द्वारा चार माह में रिपोर्ट न सौंपा जाना प्रशासनिक हल्कों में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय के इन आदेशों के बाद जिला जज द्वारा सरकार से इस मामले में सहायता के लिये एक वकील मांगा गया था जो सरकार ने उपलब्ध करवा दिया था। यह वकील भी एक वर्ष पहले दे दिया गया था लेकिन इसके वाबजूद इसमें अभी तक और कोई कारवाई नही हो पायी है। यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना तय समय के भीतर जिला जज द्वारा भी न हो पाये तो स्वभाविक रूप से यह चर्चा का विषय तो बनेगा ही। We accordingly modify our order dated 16.05.2016 and direct the District Judge to hold an inquiry into the conduct of all officers responsible for the construction of the bus stand /hotel / accompanying complex and to submit a report to this Court as to the circumstances in which the alleged construction was erected and the role played by the officers associated with the same. The District Judge may appoint a suitable presenting officer to assist him in the matter. We further direct that the Government of Himachal Pradesh and the petitioner authority shall render all such assistance as may be required by the District Judge in connection with the inquiry and produce all such record and furnish all such information as may be requisitioned by him. Needless to say that the District Judge shall be free to take the assistance of or summon any official from the Government or outside for recording his/ her statement if considered necessary for completion of the inquiry. The District Judge is also given liberty to seek any clarification or direction considered necessary in the matter. He shall make every endeavour to expedite the completion of the inquiry and as far as possible send his report before this Court within a period of four months from the date a copy of this order is received by him.

अवैध निर्माणों पर अदालत द्वारा चिन्हित जिम्मेदार कर्मीयों के खिलाफ अब तक कारवाई क्यों नही

शिमला/शैल। कसौली हत्या कांड का कड़ा संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल राज्य सरकार को लताड़ ही लगायी है बल्कि पूरे प्रदेश में हुए अवैध निर्माणों और उनके खिलाफ की गयी कारवाई की भी रिपोर्ट तलब की है। शीर्ष अदालत ने कुल्लु , मनाली , कसोल, धर्मशाला और मकलोड़गंज में हुए निर्माणों का विशेष रूप से जिक्र किया है। स्मरणीय है कि जब 2016 में सरकार ने टीपीसी एक्ट में संशोधन करके इसमें धारा 30बी को जोड़ा था तब इसे 2017 में तीन अलग-अलग याचिकाओं CWP 612 of 2017, CWP 704 of 2017 तथा CWP 819 of 2017 के माध्यम से प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। इन याचिकांओं के माध्यम से उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया गया था कि इस संशोधन के माध्यम से सरकार अवैध निर्माणों के 35000 दोषीयों को राहत पहुंचाना चाहती है। उस समय सरकार ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए यह कहा था कि ऐसे लोगों को नोटिस देकर यह कहा गया है कि वह इन अवैध निर्माणों को स्वयं गिरा दें। लेकिन इसी के साथ यह भी कहा था कि ऐसा करने से कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा हो जायेगी लेकिन अदालत ने सरकार के तर्कों को खारिज करते हुए इस संशोधन को रद्द कर दिया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति त्रिलोक चौहान की खंडपीठ ने यह कहा कि In view of our aforesaid discussion, we hold that:

(i) Insertion of Section 30-B by the Amending Act is contrary to the object and purpose of the Principal Act, as also ultra vires the Constitution of India, as such we strike it down.

(ii) Judgment rendered in Consumer Action Group (supra) is clearly distinguishable, having no binding effect on the grounds of assailing the validity of the Amending Act.

(iii)&(iv) In view of specific finding in Shayra Bano (supra), holding the observations made in Binoy Viswam (supra) that arbitrariness cannot be a ground for invalidating a legislation, only to be in per incurium, as such, we hold the amendment to be violative of Article 14 of the Constitution, being manifestly arbitrary, irrational,illogical, capricious and unreasonable.

(v) Much, as we had desired, the amendment being totally ultra vires, cannot be saved by adopting the doctrine of severability.

अदालत के इस फैसले के बाद अब जयराम सरकार ने भी उसी तरह संशोधन सदन से पारित करवा लिया है। जबकि अदालत ने इन अवैध निर्माणों के लिये दोषी अधिकारियों /कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई करने की अनुशंसा की है जब अदालत में यह मामला चल रहा था तब प्रशासन ने ऐसे अवैध निर्माणों की शिनाख्त करके अदालत को सूचित भी कर दिया था। इस सूचना के बाद ही अदालत ने इन अवैध निर्माणों के बिजली, पानी काटने के आदेश दिये थे। इन अवैध निर्माणों की सूची में कई प्रभावशाली लोग शामिल हैं। इन्ही लोगों के दबाव में जयराम सरकार को यह संशोधन लाना पड़ा है। लेकिन उच्च न्यायालय के साथ ही एनजीटी और फिर सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन अवैधताओं के लिये जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई करने के आदेश किये हैं। शीर्ष अदालत ने तो ऐसे करीब एक दर्जन लोगों को सीधे नाम से चिन्हित करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ कारवाई करने के निर्देश दिये हुए हैं।

लेकिन इन लोगों के खिलाफ न तो पूर्व मुख्य सचिव वीसी फारखा ने कोई कारवाई की और न ही अब विनित चौधरी कोई कारवाई करे पा रहे हैं। इन चिन्हित लोगों में टीसीपी, पर्यटन और प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के लोग हैं। सूत्रों की माने तो अब जब कसौली में इन निर्माणों को गिराये जाने के लिये जिलाधीश सोलन के आदेशों पर चार टीमें गठित की जा रही थी उस समय भी इन्ही चिन्हित लोगों में से कुछ अवैध निर्माणों के मालिको को यह आश्वासन दे रहे थे कि सब कुछ ठीक हो जायेगा। यह दावा किया जा रहा था कि सरकार कोई न कोई रास्ता निकाल लेगी। कसौली कांड के बाद जिस तरह के ब्यान आये हैं उनसे भी यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि कहीं न कहीं किसी बड़े का आश्वासन अवश्य था और इसी बड़े के कारण मुख्य सचिव कोई कारवाई भी नही कर पा रहे हैं।

शान्ता से जयराम तक

...............पृष्ठ 1 का शेष

It promotes dishonesty and encourages violation of law. Significantly, no action stands taken against the erring officials, who, in connivance, allowed such construction to be raised, throughout the State. It is not that thousands of unauthorized structures came up overnight. The officials failed to discharge their duties.

The functionaries adopted an ostrich like attitude andapproach, violating human and legal rights of an honest resident of the State. Haphazard construction is in fact a threat to life and property.

Any indulgence on the part of the State/ Legislators, in protecting such dishonesty, would lead to anarchy and destroy the democratically established institutions, also resulting into indiscrimination.

अदालत की इस टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए क्या राज्यपाल इस संशोधन पर अपनी मोहर लगा देते हैं या नही इस पर सबकी नज़रें लगी हुई हैं।